**शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली**

**मध्यावधि परीक्षा अभ्यास प्रश्न-पत्र**

**सत्र: 2025-26**

**कक्षा - बारहवीं**

**समाजशास्त्र ( कोड : 039 )**

अवधि: 3 घंटे | अधिकत्तम अंक: 80

सामान्य निर्देश :

1. प्रश्न पत्र को चार खंडों में बांटा गया है।

2. कुल 35 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

3. खंड क में प्रश्न संख्या 1-16 है । ये बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रश्न के अनुसार, एक उत्तर हो सकता है।

4. खंड ख में प्रश्न संख्या 17-25 है । ये बहुत ही लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं जिनमें प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 30 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

5. खंड ग में प्रश्न संख्या 26-32 है। ये लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं जिनमें प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 80 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

6. खंड घ में प्रश्न संख्या 33- 35 है । ये दीर्घ उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं जिनमें प्रत्येक प्रश्न 6 अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 200 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

7. प्रश्न संख्या 33 का उत्तर दिए गए ग्राफिक्स की मदद से देना है।

| | खंड क | |
|---|---|---|
| 1 | निम्नलिखित प्रश्न में, एक कथन "अभिकथन(A)" के रूप में दिया गया है , जिसके बाद एक दूसरा कथन "कारण (R)" के रूप में दिया गया है । नीचे दिये गए विकल्पों में से उचित उत्तर चुनें :<br><br>अभिकथन(A) : भारत की संसदीय, विधि एवं शिक्षा व्यवस्था ब्रिटिश प्रतिमानों पर आधारित है।<br>कारण (R) : ब्रिटिश शासन के दौरान कई सांस्कृतिक, सामाजिक और प्रशासनिक परम्पराएँ भारत में अपनाई गईं, जो आज भी देखने को मिलती हैं।<br>(क) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या है।<br>(ख) A और R दोनों सत्य हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।<br>(ग) A सत्य है लेकिन R असत्य है।<br>(घ) A असत्य है और R सत्य है। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | निम्नलिखित प्रश्न में, एक कथन “अभिकथन(A)” के रूप में दिया गया है , जिसके बाद एक दूसरा कथन “कारण (R)” के रूप में दिया गया है । नीचे दिये गए विकल्पों में से उचित उत्तर चुनें :<br><br>अभिकथन(A) : संस्कृतीकरण शब्द की उत्पत्ति एम. एन. श्रीनिवास ने की।<br>कारण (R) : संस्कृतीकरण के बहुआयामी प्रभाव हैं।<br>(क) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या है।<br>(ख) A और R दोनों सत्य हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।<br>(ग) A सत्य है लेकिन R असत्य है।<br>(घ) A असत्य है और R सत्य है। | 1 |
| 3 | पूर्वाग्रह, क्या है ?<br>I मनोवृत्ति<br>II व्यवहार<br>III वस्तु<br>IV पूर्वकल्पित विचार<br><br>(क) केवल I<br>(ख) केवल II<br>(ग) I और III<br>(घ) I ,II और IV | 1 |
| 4 | निम्नलिखित में से कौन-सा कथन जनसांख्यिकीय आँकड़े के विषय में सत्य है?<br><br>(क) जनसांख्यिकीय आँकड़े केवल धार्मिक नीतियाँ बनाने के लिए महत्वपूर्ण होते हैं।<br>(ख) जनसांख्यिकीय आँकड़े केवल खेल नीतियों के लिए ही उपयोगी हैं।<br>(ग) जनसांख्यिकीय आँकड़े राज्य की नीतियाँ , विशेष रूप से आर्थिक विकास और सामान्य जन कल्याण संबंधी नीतियाँ बनाने और कार्यान्वित करने के लिए महत्वपूर्ण होते हैं ।<br>(घ) जनसांख्यिकीय आँकड़े का राज्य की नीतियों से कोई संबंध नहीं है। | 1 |
| 5 | 'प्रबल जाति' के संबंध में कौन-सा कथन असत्य है?<br><br>(क) प्रबल जातियों की जनसंख्या प्रायः बड़ी होती थी।<br>(ख) स्वतंत्रता के बाद आंशिक भूमि सुधारों से इन्हें भूमि के अधिकार प्राप्त हुए।<br>(ग) प्रबल जातियाँ हमेशा राजनीतिक दृष्टि से कमजोर होती थीं।<br>(घ) प्रबल जाति की संकल्पना एम.एन.श्रीनिवास की देन हैं । | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 6 | जाति व्यवस्था में प्रत्येक जाति का एक विशिष्ट स्थान क्यों होता है ? क्योंकि<br><br>(क) जाति व्यवस्था एक सीढ़ीनुमा व्यवस्था में संगठित है।<br>(ख) सभी जातियों की सामाजिक स्थिति समान होती है।<br>(ग) जातियों के बीच कोई भेदभाव नहीं होता।<br>(घ) जाति व्यवस्था पूरी तरह गतिशील और खुली होती है। | 1 |
| 7 | "जो जन्म से मिला हो, और जो मरने के बाद भी नष्ट न हो - वह जाति है।"<br><br>यह कथन जाति को जन्म से निर्धारित मानता है, क्योंकि<br><br>(क) जाति व्यक्ति की पहचान और सामाजिक स्थिति को जन्म से ही तय कर देती है।<br>(ख) जाति का संबंध केवल आर्थिक स्थिति से होता है।<br>(ग) जाति शिक्षा और उपलब्धियों से बदल सकती है।<br>(घ) जाति पूरी तरह से व्यक्ति की इच्छा पर निर्भर होती है। | 1 |
| 8 | सामुदायिक पहचान जन्म तथा अपनेपन पर आधारित होती है, क्योंकि<br>(क) यह अर्जित योग्यता या उपलब्धि से स्वतंत्र होती है।<br>(ख) समाज हमेशा उपलब्धियों के आधार पर पहचान तय करता है।<br>(ग) व्यक्तिगत प्रयास ही पहचान का मुख्य आधार है।<br>(घ) सभी लोग समान उपलब्धियाँ प्राप्त करते हैं। | 1 |
| 9 | औद्योगीकरण का संबंध यांत्रिक उत्पादन के उदय से है क्योंकि<br><br>(क) यह शक्ति के गैर-मानवीय संसाधनों जैसे वाष्प या विद्युत पर निर्भर होता है।<br>(ख) परंपरागत सभ्यताओं में उत्पादन के लिए अधिकाधिक मानव श्रम की आवश्यकता होती थी।<br>(ग) कृषि समाजों में तकनीकी विकास उच्च स्तर का होता था।<br>(घ) औद्योगिक समाजों में लोग केवल कृषि कार्य तक ही सीमित रहते थे। | 1 |
| 10 | निम्नलिखित प्रश्न में, एक कथन "अभिकथन(A)" के रूप में दिया गया है , जिसके बाद एक दूसरा कथन "कारण (R)" के रूप में दिया गया है । नीचे दिये गए विकल्पों में से उचित उत्तर चुनें :<br><br>अभिकथन(A) : स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद प्रारंभ में भारतीय राज्य ने ब्रिटिश भारतीय व्यवस्था को ही अपनाए रखा।<br>कारण (R) : मद्रास, बंबई और कलकत्ता तीन बड़ी प्रेसिडेंसियाँ थीं ।<br>(क) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या है।<br>(ख) A और R दोनों सत्य हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।<br>(ग) A सत्य है लेकिन R असत्य है।<br>(घ) A असत्य है और R सत्य है। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | दिए गए गद्यांश को पढ़ें<br>आधुनिक भारत में स्त्रियों की स्थिति का प्रश्न उन्नीसवीं सदी के मध्य वर्गीय सामाजिक सुधार आंदोलनों के एक हिस्से के रूप में उदित हुआ। इन आंदोलनों का स्वरूप सभी क्षेत्रों में एक जैसा नहीं था। उन्हें अक्सर मध्य वर्गीय सुधार आंदोलनों की संज्ञा इसीलिए दी जाती थी कि इन सुधारकों में से बहुत से लोग नए उभरते हुए पाश्चात्य शिक्षा प्राप्त भारतीय मध्य वर्ग से थे। वे अक्सर आधुनिक पश्चिम के लोकतांत्रिक आदर्शों द्वारा और अपने स्वयं के अतीत की लोकतांत्रिक परंपराओं पर गर्व एवं गौरव महसूस करते हुए इन सुधारों के लिए प्रेरित हुए थे।<br><br>दिए गए गद्यांश के आधार पर, प्रश्न 11 और प्रश्न 12 का उत्तर दें | |
| 11 | उन्नीसवीं सदी के सामाजिक सुधार आंदोलनों में स्त्रियों की स्थिति का प्रश्न मुख्यतः किस वर्ग के उभरने से जुड़ा था?<br><br>(क) ज़मींदार वर्ग<br>(ख) पश्चिमी शिक्षा प्राप्त भारतीय मध्य वर्ग<br>(ग) कृषक वर्ग<br>(घ) औद्योगिक श्रमिक वर्ग | 1 |
| 12 | निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?<br><br>(क) स्त्रियों की स्थिति का प्रश्न सामाजिक सुधार आंदोलनों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा था।<br>(ख) सुधार आंदोलनों को अक्सर मध्यवर्गीय आंदोलनों के रूप में जाना गया।<br>(ग) सुधारकों को केवल राजनीतिक स्वतंत्रता के विचारों ने प्रेरित किया।<br>(घ) कई सुधारकों ने स्त्रियों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष किया। | 1 |
| | दिए गए गद्यांश को पढ़ें<br>धर्मनिरपेक्ष और धर्मनिरपेक्षता के भारतीय अर्थों में उनके पश्चिमी भावार्थ तो शामिल हैं ही, पर उनमें कुछ और भाव भी जुड़े हैं। रोजमर्रा की भाषा में, धर्मनिरपेक्ष का सर्वाधिक सामान्य प्रयोग 'सांप्रदायिक' के बिल्कुल विपरीत यानी विलोम के रूप में किया जाता है। इस प्रकार, एक धर्मनिरपेक्ष व्यक्ति या राज्य वह होता है जो किसी विशेष धर्म का अन्य धर्मों की तुलना में पक्ष नहीं लेता।<br><br>दिए गए गद्यांश के आधार पर प्रश्न 13 और 14 का उत्तर दीजिए। | |
| 13 | निम्नलिखित में से कौन-सा कथन धर्मनिरपेक्षता की भारतीय समझ के संदर्भ में सही नहीं है?<br><br>(क) धर्मनिरपेक्ष राज्य सभी धर्मों को समान दृष्टि से देखता है।<br>(ख) धर्मनिरपेक्षता का अर्थ केवल पश्चिमी संदर्भों तक सीमित है।<br>(ग) एक धर्मनिरपेक्ष व्यक्ति धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं करता।<br>(घ) भारतीय संदर्भ में धर्मनिरपेक्ष का प्रयोग अक्सर 'सांप्रदायिक' के विलोम के रूप में होता है। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 14 | नीचे दिए गए कथनों को सही क्रम में व्यवस्थित कीजिए, ताकि वे भारतीय धर्मनिरपेक्षता की समझ को दर्शाएँ–<br><br>I भारतीय अर्थों में धर्मनिरपेक्षता में पश्चिमी भावार्थ भी शामिल हैं।<br><br>II इनमें कुछ और विशेष भाव भी जुड़े हैं।<br><br>III रोज़मर्रा की भाषा में 'धर्मनिरपेक्ष' का प्रयोग 'सांप्रदायिक' के विपरीत किया जाता है।<br><br>IV एक धर्मनिरपेक्ष व्यक्ति/राज्य किसी विशेष धर्म का पक्ष नहीं लेता।<br><br>विकल्प:<br>(क) IV ,III ,II ,I<br>(ख) II,III,IV,I<br>(ग) I ,II ,III,IV<br>(घ) III ,I,II,IV | 1 |
| 15 | सांप्रदायिकता राजनीति से सरोकार रखती है धर्म से नहीं।<br>संप्रदायवाद के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?<br><br>(क) संप्रदायवाद धर्म पर आधारित राजनीतिक पहचान से नहीं जुड़ा है।<br>(ख) संप्रदायवाद धर्म पर आधारित राजनीतिक पहचान से जुड़ा है।<br>(ग) सभी श्रद्धालु लोग संप्रदायवादी होते हैं।<br>(घ) व्यक्तिगत विश्वास और संप्रदायवाद में गहरा संबंध होता है। | 1 |
| 16 | निम्नलिखित प्रश्न में, एक कथन "अभिकथन(A)" के रूप में दिया गया है , जिसके बाद एक दूसरा कथन "कारण (R)" के रूप में दिया गया है । नीचे दिये गए विकल्पों में से उचित उत्तर चुनें :<br><br>अभिकथन(A) : ऊँची जातियों के संभ्रांत लोग आर्थिक सहायता प्राप्त सार्वजनिक शिक्षा, विशेष रूप से विज्ञान, प्रौद्योगिकी, आयुर्विज्ञान तथा प्रबंधन में व्यावसायिक शिक्षा से लाभान्वित हुए।<br>कारण (R) : ऐतिहासिक रूप से ऊँची जातियों को शिक्षा और संसाधनों तक अधिक पहुँच प्राप्त रही, जिसके कारण वे नए शैक्षिक अवसरों का लाभ लेने में अधिक सक्षम रहे।<br>(क) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या है।<br>(ख) A और R दोनों सत्य हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।<br>(ग) A सत्य है लेकिन R असत्य है।<br>(घ) A असत्य है और R सत्य है। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | खंड ख | |
| 17 | लोग स्थानीय सीमाबद्ध विचारों से प्रभावित न होकर सार्वभौमिक जगत व उसके मूल्यों को मानते हैं। आपका व्यवहार और विचार, आपके परिवार या जनजाति या जाति या समुदाय द्वारा तय नहीं होंगे। आपको अपना व्यवसाय अपनी पसंद से चुनने की स्वतंत्रता होती है न कि यह विवशता कि जो व्यवसाय आपके माता-पिता ने किया वही आप भी करें।<br><br>व्यक्ति को व्यवसाय चुनने की स्वतंत्रता किस आधार पर मिलती है? | 2 |
| 18 | ब्रितानी उपनिवेशवाद पूँजीवादी व्यवस्था पर आधारित था। इसने प्रत्यक्ष रूप से आर्थिक व्यवसाय में बड़े पैमाने पर हस्तक्षेप किए जिनसे ब्रितानी पूँजीवाद का विस्तार हुआ और उसे मज़बूती मिली। उदाहरण के लिए भूमि संबंधी नियमों को लें। ब्रितानी उपनिवेशवाद ने केवल भूमि स्वामित्व के नियमों को ही नहीं बदला अपितु यह भी निर्धारित किया कि कौन सी फसल उगाई जाए और कौन सी नहीं। इसने उत्पादन क्षेत्र को भी नहीं छोड़ा। वस्तुओं के उत्पादन की प्रणाली और उनके वितरण के तरीकों को भी बदल दिया।<br><br>"ब्रितानी उपनिवेशवाद पूँजीवादी व्यवस्था पर आधारित था और इसने भारत की भूमि, कृषि, उत्पादन तथा वितरण प्रणाली में गहरा हस्तक्षेप किया।"<br>क्या आप इस कथन से सहमत हैं? कारण बताइए । | 2 |
| | अथवा | |
| | "समुद्र तटीय नगर जैसे बंबई, कलकत्ता और मद्रास उपयुक्त माने गए थे क्योंकि इन जगहों से वस्तुओं का निर्यात और आयात आसानी से किया जा सकता था।<br>क्या यह कथन सही है? अपने उत्तर के कारण बताइए । | |
| 19 | "आधुनिकीकरण के सिद्धांत के अनुसार आधुनिक समाज अधिकाधिक पंथनिरपेक्ष होता है।"<br>क्या यह कथन सही है? अपने उत्तर के पक्ष में कारण दीजिए। | 2 |
| 20 | औपनिवेशिक काल में जाति व्यवस्था में बड़े परिवर्तन क्यों आए? दो कारण लिखिए। | 2 |
| 21 | अपने शब्दों में इस कथन का अर्थ लिखिए " हममें से हर कोई एक परिवार में उत्पन्न हुआ है और हम अपने परिवार से गहरा लगाव महसूस करते हैं, जबकि दूसरों के बारे में हम ऐसा महसूस नहीं करते।" | 2 |
| 22 | अधिकांश समाजों की तरह भारत में भी सामाजिक भेदभाव तथा बहिष्कार चरम रूप में पाया जाता है। इसे समाप्त करने के लिए क्या करना चाहिए ? | 2 |
| | अथवा | |
| | राजा राममोहन राय द्वारा किए गए समाज सुधार आंदोलन के विषय में बतायें । | |

| | | |
|---|---|---|
| 23 | “21वीं सदी में भी जाति भारतीयों के जीवन अवसरों को सतत प्रभावित कर रही है।”<br>आप इस कथन को गलत कैसे सिद्ध करेंगे? | 2 |
| 24 | अगर 1901 की जनगणना में जाति के सामाजिक अधिक्रम की जानकारी इकट्ठी न की गई होती तो क्या होता? | 2 |
| 25 | “1970 के दशक तक जनजाति और कृषक समुदाय के बीच किया गया अंतर सामान्य कसौटियों पर खरा नहीं उतरता ।“<br>उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए । | 2 |
| खंड ग | | |
| 26 | “जनसंख्या विस्फोट मृत्यु दर में कमी, रोग नियंत्रण, जनस्वास्थ्य और बेहतर पोषण के कारण होता है।“<br>जनसंख्या विस्फोट के चार प्रमुख प्रभाव लिखिए। | 4 |
| 27 | “संयुक्त परिवार भारतीय समाज की एक विशेषता तो है, लेकिन यह किसी भी अर्थ में परिवार का प्रमुख रूप नहीं रहा है। “ इस कथन को उचित ठहराइए । | 4 |
| 28 | उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए कि जातियों और जनजातियों के प्रति भेदभाव मिटाने के लिए राज्य और अन्य संगठनों द्वारा कौन-कौन से कदम उठाए गए हैं। | 4 |
| 29 | आयु संरचना विकास के स्तरों और औसत आयु संभाविता के स्तरों में होने वाले परिवर्तनों के अनुसार बदलती रहती है।<br>आयु संरचना समय-समय पर क्यों बदलती रहती है? कारण दीजिए। | 4 |
| 30 | उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए कि सामाजिक संसाधन पूँजी के तीन रूप - आर्थिक, सांस्कृतिक और सामाजिक - किस प्रकार एक-दूसरे में बदले जा सकते हैं। | 4 |
| 31 | "राष्ट्र एक अनूठे किस्म का समुदाय होता है, जिसका वर्णन करना आसान है, पर इसे परिभाषित करना कठिन है।"<br>उपरोक्त कथन के लिए कारण स्पष्ट दीजिए। | 4 |

अथवा

"हम ऐसे अनेक विशिष्ट राष्ट्रों का वर्णन कर सकते हैं जिनकी स्थापना साझे धर्म, भाषा, नृजातीयता, इतिहास अथवा क्षेत्रीय संस्कृति जैसी साझी सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और राजनीतिक संस्थाओं के आधार पर की गई है।"
इस कथन को उचित ठहराइए।

32 "भारतीय समाज में संस्कृतीकरण की प्रक्रिया सरल नहीं है, क्योंकि जातिगत असमानताओं और सामाजिक रुकावटों के कारण निम्न जातियों के लिए उच्च जातियों की जीवनशैली और अनुष्ठानों को अपनाना कठिन हो जाता है।" 4
उपरोक्त कथन को उचित ठहराइए।

## खंड घ

33 तालिका में दिए गए आँकड़ों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**सारणी 5 : ग्रामीण एवं नगरीय जनसंख्या**

| वर्ष | जनसंख्या (दस लाख में) | | कुल जनसंख्या का प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|
| | ग्रामीण | नगरीय | ग्रामीण | नगरीय |
| 1901 | 213 | 26 | 89.2 | 10.8 |
| 1911 | 226 | 26 | 89.7 | 10.3 |
| 1921 | 223 | 28 | 88.8 | 11.2 |
| 1931 | 246 | 33 | 88.0 | 12.0 |
| 1941 | 275 | 44 | 86.1 | 13.9 |
| 1951 | 299 | 62 | 82.7 | 17.3 |
| 1961 | 360 | 79 | 82.0 | 18.0 |
| 1971 | 439 | 109 | 80.1 | 19.9 |
| 1981 | 524 | 159 | 76.7 | 23.3 |
| 1991 | 629 | 218 | 74.3 | 25.7 |
| 2001 | 743 | 286 | 72.2 | 27.8 |
| 2011 | 833 | 377 | 68.8 | 31.2 |

स्रोत:: https://ayush.gov.in

NCERT
epublished

(क) भारत में नगरीकरण बढ़ने के क्या कारण रहे हैं? 4
(ख) ग्रामीण जनसंख्या के अनुपात में लगातार कमी आने के सामाजिक प्रभाव लिखिए। 2

| | | |
|---|---|---|
| | (प्र. 33. दृष्टि बाधित अभ्यर्थियों के लिए )<br>दिए गए गद्यांश के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।<br>भारत की अधिकांश जनता हमेशा ही ग्रामीण क्षेत्रों में रहती आई है और यह स्थिति आज भी सही है। प्रश्न केवल संख्या का ही नहीं है आधुनिक विकास की प्रक्रियाएं यह सुनिश्चित करती हैं कि कृषि आधारित ग्रामीण जीवनशैली का आर्थिक और सामाजिक महत्व उद्योग आधारित नगरीय जीवनशैली के महत्व की अपेक्षा घटता रहे। यह तथ्य मोटे तौर पर समस्त विश्व पर ही नहीं बल्कि भारत पर भी लागू होता है।<br><br>(क) भारत में नगरीकरण बढ़ने के क्या कारण रहे हैं?<br>(ख) ग्रामीण जनसंख्या के अनुपात में लगातार कमी आने के सामाजिक प्रभाव लिखिए। | <br><br><br><br><br>4<br>2 |
| 34 | सूचना के अधिकार के लिए चलाए गए अभियान ने भारत में शासन और नागरिक अधिकारों की समझ को किस प्रकार बदल दिया? इन परिवर्तनों पर चर्चा कीजिए। | 6 |
| 35 | पूँजीवाद की विशेषताओं की सूची बनाइए और उनका व्याख्यान कीजिए। | 6 |